भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्याः 6596/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24, दिनांक 05 मार्च, 2024

तकनीकी निविदा का परिणाम

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 6151/र0ख0ला0/ई0नी0/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 16 फरवरी, 2024 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 6167/PTH_002/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 16.02.2024 के द्वारा जनपद व तहसील पिथौरागढ़ के ग्राम गोगना (गेजियाबगड) के खसरा संख्या 10525, कुल रकवा 4.263 है0 श्रेणी 10(1) जलमग्न भूमि के मध्ये कुल रकवा 0.480 है0 उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 25920 टन एवं आधार मूल्य रू0 18,14,400.00 निर्धारित करते हुए, उक्त उपखनिज लॉट को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 02.03.2024 (शनिवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी।

निविदा समिति की संस्तुति के दिनांक 02.03.2024 (शनिवार) के अनुसार जनपद व तहसील पिथौरागढ़ के ग्राम गोगना (गेजियाबगड) के खसरा संख्या 10525, कुल रकवा 4.263 है0 श्रेणी 10(1) जलमग्न भूमि के मध्ये कुल रकवा 0.480 है0 उपखनिज क्षेत्र में दिनांक 02.03.2024 (शनिवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदादाताओं का विवरण निम्नवत् है:–

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम	तकनीकी निविदा का परिणाम
1	*2*	*3*
1.	श्री उमेश खर्कवाल	वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।
2.	श्री निर्मल कुमार	निविदाकार द्वारा ऑन लाईन निविदा डाली गई थी, ऑफलाईन निविदा जमा न किये जाने के कारण असफल निविदाकार घोषित।
3.	श्री राजेन्द्र सिंह	वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।
4.	श्री हरीश चन्द्र जोशी	वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।
5.	श्री रूद्राक्ष जोशी	वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।

अतः निविदा समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की दिनांक 02.03.2024 (शनिवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में उपरोक्त तालिका के बिन्दु संख्या–02 में वर्णित निविदाकार को असफल निविदाकार तथा बिन्दु संख्या 01, 03, 04, 05 में उल्लिखित निविदाताओं को तकनीकी निविदा को स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोले जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उक्तानुसार उक्त लॉट की वित्तीय निविदा दिनांक 05 मार्च, 2024 (मंगलवार) समय अपराह्न 4.00 बजे भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, मुख्यालय, भोपालपानी, देहरादून में खोली जायेगी।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक

संख्याः 6596/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. उपरोक्त लॉट की तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि **दिनांक 05 मार्च, 2024 (मंगलवार) समय अपराह्न 4.00 बजे** खोली जायेगी, जिसमें सम्बन्धित निविदाकारों के द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक